Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to provide better road connectivity to border areas under Border Area Development Programme (BADP).

श्री मलूक नागर (बिजनौर): महोदय, जम्मू-कश्मीर से संबंधित और देश की सीमाओं तक सड़क बनाने से संबंधित, जिससे देश की रक्षा हो सके और जो लोग देश के बॉर्डर पर रहते हैं, उनसे संबंधित विषय को रखने का आपने मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद ।

जामिया वाली गली व बिसान गली से तंगमर्ग तक 72 किलोमीटर सड़क, जिसकी आधारशिला नवम्बर, 2015 में रखी गई थी, वह केवल 8-9 किलोमीटर बनी है । इस सड़क का कार्य बीआरओ की एजेंसियों को मिला है । यह सड़क अंडर बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम (बीएडीपी) के तहत ली गई है, जो देश के सैनिकों को बॉर्डर तक पहुंचाने के लिए और देश के बॉर्डर पर जो गुज्जर बकरवाल लोग रहते हैं, उन लोगों तक जोड़ने के लिए यह बहुत जरूरी है ।

महोदय, दूसरा मुद्दा भी जम्मू-कश्मीर से जुड़ा है । जम्मू कश्मीर में मौसमी शिक्षक, जो वर्ष 2006 से हजारों की संख्या में हैं, जिनमें ज्यादातर शिक्षक गुज्जर बकरवाल समुदाय के हैं । इन्हें 6 माह के लिए रखा जाता है । इन्हें पूरे साल के लिए किया जाए और इनका वेतन दूसरे शिक्षकों जितना किया जाए ।

महोदय, उस 72 किलोमीटर की सड़क को पूरा किया जा सके, जिससे किसी भी दूसरे देश की तरफ से अगर बॉर्डर पर कोई दिक्कत हो तो हमारे देश की फोर्स वहां तक पहुंच सके और देश के लिए जो लोग वहां अपनी जान न्यौछावर करते हैं, जो गुज्जर-बकरवाल जाति के हैं, उनके लिए भी कनेक्टिविटी के लिए वहां रास्ता मिल सके ।